भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4728

(जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है)

विदेशों से ऋण

4728. श्री एम॰ सेल्वराजः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गैर-सरकारी फाउण्डेशनों और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा प्राप्त सरकारी ऋण, क्रेडिट और विदेशी अनुदान विशेष रूप से आज की तिथि के अनुसार श्रेणी/फाउण्डेशन/देश-वार का ब्यौरा क्या है;

(ख) किन नियमों के अंतर्गत इन्हें विदेशी कम्पनियों से प्राप्त किया जा सकता है;

(ग) प्रतिबंधों, यदि कोई हो, भारत में ऐसी निधियों के उपयोग का ब्यौरा क्या है; और

(घ) आज की तिथि के अनुसार लंबित ऋणों और क्रेडिट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ) : भारत केंद्र और राज्यों दोनों स्तरों पर अवसंरचना, सामाजिक क्षेत्र के विकास और भारतीय नागरिकों के ज्ञान / कौशल में वृद्धि के लिए ऋण, अनुदान और तकनीकी सहायता के रूप में द्विपक्षीय भागीदारों से विदेशी वित्तपोषण स्वीकार करता है। द्विपक्षीय भागीदारों से विकास सहयोग के लिए सरकारी विकास सहायता पर नीतिगत दिशानिर्देश, 07/12/2015 को जारी हुए थे जो कि https://dea.gov.in/sites/default/files/GuidelineBDC_2.pdf पर उपलब्ध है।

12.07.2019 की स्थिति के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं के लिए देश-वार उधार का ब्यौरा अनुबंध- I पर है। पिछले चार वर्षों के लिए विभिन्न देशों से अनुदानों के उपयोग का ब्यौरा अनुबंध- II पर है।

*****

दिनांक 22.07.2019 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4728 के पैरा (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित **अनुबंध- I**

12.07.2019 की स्थिति के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं के लिए देश-वार उधारों का ब्यौरा

12/07/2019 की स्थिति के अनुसार बकाया सरकारी ऋण	
	भारतीय रुपये करोड़ में
द्विपक्षीय भागीदार	
जर्मनी	14,940.53
फ्रांस	5,793.88
इटली	2.14
जापान	1,25,921.15
रूसी संघ	10,100.25
संयुक्त राज्य अमरीका	701.30

दिनांक 22.07.2019 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4728 के पैरा (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित **अनुबंध- II**

पिछले चार वर्षों के लिए विभिन्न देशों से अनुदानों के उपयोग का ब्यौरा

				भारतीय रुपये करोड़ में
द्विपक्षीय भागीदार	**2015-2016**	**2016- 2017**	**2017-2018**	**2018-2019**
जर्मनी	29.84	23.45	21.18	5.76
फ्रांस	0.00	-0.16	0.00	6.49
जापान	29.06	36.02	0.00	46.75
यूनाइटेड किंगडम	224.28	-0.25	0.00	0.00
संयुक्त राज्य अमरीका	4.7	0.00	0.00	0.00

*****